भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 78 | बिजौलिया - मंगलवार ,03 नवम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

12 राष्ट्रीय योजनाओं में राजस्थान अव्वल, 10 में दूसरा और 8 में तीसरा स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान ने देश में बड़ी सफलता पाई है। प्रदेश को 12 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में पहला, 10 में दूसरा और 8 में तीसरा स्थान मिला है। पीएम फसल बीमा योजना, पीएम-कुसुम, स्वच्छता अभियान, पोषण पखवाड़ा और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सहित कई क्षेत्रों में राजस्थान का प्रदर्शन अन्य राज्यों से बेहतर रहा है। सीएम भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकास, सुशासन, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली ये उपलब्धियां केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय तथा प्रशासनिक दक्षता का परिणाम हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ और रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियों के साथ राजस्थान देश में पहले स्थान पर रहा। पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए में अक्षय एवं सौर ऊर्जा की स्थापना और कंपोनेंट सी में सौरकृत फीडरों की संख्या के मामले में भी प्रदेश अव्वल रहा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर प्रदेश में 62 हजार 915 स्थानों पर आयोजन हुए, जिनमें 85 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह देश में सर्वाधिक सहभागिता रही।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में लक्षित इकाइयों के रूपांतरण और पोषण पखवाड़ा 2026 की गतिविधियों में भी राजस्थान पहले स्थान पर रहा। फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024 के तहत देश में आयोजित 10443 कार्यक्रमों में से 6 हजार से अधिक राजस्थान में हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 11209 शिविर लगाकर 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन



देने में भी प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया।

अंगदान से खनन तक मिली राष्ट्रीय पहचान :


धरती आबा जनभागीदारी अभियान में पहला पुरस्कार मिला। वर्ष 2025 में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र, तंबाकू नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का विशेष तंबाकू निषेध पुरस्कार 2026 और खनिज ब्लॉकों की नीलामी में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार भी मिला।

इन क्षेत्रों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे :

पीएम मातृ वंदना योजना, पोषण माह, आभा आईडी निर्माण और पीएम विश्वकर्मा योजना के कौशल प्रशिक्षण व लोन वितरण सहित 10 कार्यक्रमों में राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाए, डेयरी क्षेत्र और कृषि प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कृषि विभाग को राष्ट्रीय गवर्नेंस रजत पुरस्कार मिला। वहीं पीएम कुसुम के कंपोनेंट बी और सौर पंपों की स्थापना, विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, पैलिएटिव केयर, जल संचय जनभागीदारी अभियान और एक जिला एक उत्पाद योजना सहित आठ कार्यक्रमों में प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली में भाजपा के राजस्थान प्रभारी और सहप्रभारी से मिले सांसद दामोदर अग्रवाल

संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा, भीलवाड़ा आने का दिया निमंत्रण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में राजस्थान प्रदेश संगठन प्रभारी संजय भाटिया एवं सहप्रभारी कविता पाटीदार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दोनों नेताओं का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि मुलाकात के दौरान सांसद अग्रवाल ने प्रदेश की भौगोलिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के साथ संगठन की गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने राजस्थान में पार्टी संगठन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा दोनों नेताओं को भीलवाड़ा आने का निमंत्रण भी दिया।

गौरतलब है कि संजय भाटिया भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद हैं, जबकि कविता पाटीदार राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद हैं।

पंचायतीराज चुनाव की मतगणना पर संग्राम, 20 से अधिक पंचायतों में धांधली के आरोप

जीत का ऐलान कर 65 वोट से हराने का आरोप, री-काउंटिंग पर उठे सवाल; सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट घेरा, निष्पक्ष जांच और दोबारा मतगणना की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

(पुनीत चपलोत)। पंचायतीराज चुनाव की मतगणना के बाद अब नतीजों को लेकर जिले में विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं। सरपंच चुनाव में मतगणना और री-काउंटिंग के दौरान कथित अनियमितताओं के आरोपों ने निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को पांसल, पालड़ी सहित मांडल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण विरोध दर्ज कराने जिला कलेक्ट्रेट पहुंच गए। हिन्दू भोज सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर और पांसल के पूर्व सरपंच प्रत्याशी छोटू लाल जाट के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रभावित पंचायतों में दोबारा मतगणना कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि जिले की 20 से 22 पंचायतों के प्रत्याशियों ने मतगणना में गड़बड़ी की शिकायत की है।

मामले को लेकर गोपाल गुर्जर ने अपना उदाहरण देते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान पहले उनकी जीत घोषित कर दी गई थी, लेकिन करीब एक-दो घंटे बाद तहसीलदार के पहुंचने पर उन्हें 65 मतों से पराजित बता दिया गया। उन्होंने दोबारा मतगणना कर प्रत्येक





मतपत्र दिखाने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की। गुर्जर ने जबरन हस्ताक्षर करवाने और गाड़ी में बैठाकर ले जाने का आरोप भी लगाया। उनके अनुसार, समर्थकों ने रास्ते में गाड़ी रुकवाकर उन्हें वापस छुड़ाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो न्यायालय की शरण लेंगे।

20 से 22 पंचायतों के प्रत्याशियों ने उठाए सवाल

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर ने आरोप लगाया कि जिले की कई ग्राम पंचायतों में री-काउंटिंग के नाम पर जीत रहे प्रत्याशियों को पराजित घोषित किया गया। उनके पास करीब 20 से 22 पंचायतों के प्रत्याशी शिकायत लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने मतगणना की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई जगह 50-50 मतपत्रों की गड्डियां बनाकर मतों की संख्या बताई गई, जबकि प्रत्येक मतपत्र की पारदर्शी तरीके से गिनती कर प्रत्याशियों को दिखाया जाना चाहिए था। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

छोटू जाट बोले- हार-जीत नहीं, पारदर्शिता का सवाल

पांसल के पूर्व सरपंच प्रत्याशी छोटू लाल जाट ने कहा कि उन्हें हार-जीत से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मतगणना की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने बूथवार मतगणना दिखाने और दोबारा गिनती कराने की मांग की, लेकिन आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारी ने उनकी बात अनसुनी कर उन्हें बाहर कर दिया। जाट ने विधायक उदयलाल भड़ाना पर चुनाव के दौरान विकास कार्य और सैंकड़ों लोगों को जिंदल में नौकरी दिलाने का आश्वासन देने का आरोप भी लगाया।

न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और अदालत का रास्ता

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने प्रभावित पंचायतों की मतगणना प्रक्रिया की जांच, पुनर्मतगणना और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा न्याय के लिए न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी।

कमरे में पंखे से लटका मिला 40 वर्षीय युवक, अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

चांदगढ़ गांव की घटना, पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में रविवार रात एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया।



बड़लियास थाने के दीवान सावलदान ने बताया कि चांदगढ़ निवासी उदयलाल पुत्र गोदू ओड़ ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई लक्ष्मण (40) रविवार रात अपने कमरे में था। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह पंखे से लटका मिला। दरवाजा खोलकर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर सोमवार सुबह बड़लियास थाना पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव उन्हें सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



तिलस्वां की नई सरपंच किरण देवी अहीर ने संभाली कमान, विधायक ने दी शुभकामनाएं



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

ग्राम पंचायत तिलस्वां में नवनिर्वाचित सरपंच किरण देवी अहीर ने पदभार ग्रहण कर पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने किरण देवी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए गांव के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए जनप्रतिनिधियों को प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए।

समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, जिला परिषद प्रत्याशी नरोत्तम धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि श्यामलाल अहीर, उपसरपंच शोभालाल धाकड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा, मंडल उपाध्यक्ष दयाशंकर जोशी, शिवराज सिंह सोलंकी, नानालाल धाकड़, गोपाल बैरागी, छितर मीणा, शक्ति केंद्र संयोजक बालू तेली एवं बूथ अध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित वार्ड पंच, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार के मॉडल

रोबोटिक आर्म से लेकर जल प्रदूषण तक के प्रोजेक्ट बने आकर्षण



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

कैंब्रिज स्कूल आसींद में विज्ञान मेला आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा दो से आठ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, जल प्रदूषण, जल के स्रोत, रोबोटिक आर्म और व्हाइट हाउस सहित कई विषयों पर आकर्षक प्रोजेक्ट तैयार किए।

विद्यालय निदेशक दिनेश साहू, बी.एल. साहू, जमनालाल साहू, मोनिका साहू एवं शबनम शेख सहित शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की सराहना की तथा प्रोजेक्ट के आधार पर रैंक निर्धारित की।

महापौर जसवंत कंवर ने किया वार्ड नं. 55 का दौरा, पार्षद अनिल डीडवानिया ने उठाईं जनसमस्याएं



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

नगर निगम महापौर श्रीमती जसवंत कंवर ने आज वार्ड नं. 55 में मारुति नगर कुवाड़ा खान, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, शिव सुंदर नगर, कंचन विहार, जैन ज्योति कॉलोनी, सांगानेर कॉलोनी, सर्वेश्वर कॉलोनी का दौरा कर वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड पार्षद अनिल डिडवानिया एवं वार्डवासियों ने महापौर का माला पहनाकर व रामायण जी पुस्तक भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस दौरान पार्षद अनिल डीडवानिया ने महापौर को वार्ड की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए नए ट्यूबवेल की व्यवस्था करवाने तथा सीसी रोड व नालिया बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी।

इस अवसर पर वार्डवासियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। पार्षद अनिल डीडवानिया ने उम्मीद जताई कि महापौर के दौरे के बाद वार्ड की पेयजल एवं सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। महापौर ने स्वागत एवं सम्मान के लिए पार्षद और वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया

3474 वोटों की रिकॉर्ड जीत के बाद ज्योति सुवालका ने संभाली सरपंच की कमान, मांडल के विकास का लिया संकल्प

पदभार ग्रहण समारोह में उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ बच्चों के लिए पुस्तकालय और गार्डन विकसित करवाने की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

पुनित चपलोत

ग्राम पंचायत मांडल की नवनिर्वाचित सरपंच ज्योति सुवालका ने सोमवार को शुभ मुहूर्त में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। रिकॉर्ड मतों से मिली जीत के बाद आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ा। हजारों की संख्या में ग्रामीण, परिवारजन और समर्थक समारोह में शामिल हुए। ग्राम पंचायत सचिव विनोद सोनी ने ज्योति सुवालका को पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान विकास सुवालका, मांडल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, उनके परिजन, सभी वार्ड पंच और उपसरपंच भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जिले की 325 ग्राम पंचायतों में मांडल की ज्योति सुवालका ने सबसे बड़ी जीत दर्ज कर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 3474 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया था।

पदभार संभालने के बाद ज्योति सुवालका ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि उनकी शादी को 24 वर्ष हो चुके हैं और इस दौरान उन्होंने कई चुनाव देखे, लेकिन जनता का इतना प्यार और स्नेह पहली बार मिला है। ग्रामीणों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे दोगुने प्यार और विकास कार्यों के रूप में लौटाने का प्रयास करेंगी।



उन्होंने कहा कि मांडल में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर विकसित करने के साथ मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी। महिलाओं को आगे लाकर सामूहिक रूप से गांव के विकास में सहभागी बनाया जाएगा। बच्चों के भविष्य को लेकर उन्होंने गांव में पुस्तकालय की व्यवस्था करने और गार्डन विकसित करवाने की घोषणा की। साथ ही मांडल में मौजूद बुनियादी कमियों को प्राथमिकता से दूर करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं और बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए मांडल को सुंदर और विकसित ग्राम पंचायत बनाने के लिए अगले पांच वर्षों तक पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगी।

ज्योति सुवालका ने अपनी सफलता में विकास सुवालका के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि मांडल की जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

जापान की अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता से जुड़ेंगे भीलवाड़ा के विद्यार्थी

यूनेस्को की पहल पर जिले के स्कूलों में होगा आयोजन, राजस्थान के पांच विजेताओं को मिलेगा जापान जाने का अवसर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा में जापान की प्रतिष्ठित 'एनिकी चित्रकला प्रतियोगिता 2026-27' का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से संबद्ध संस्थाओं की पहल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा नेशनल फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन फॉर जापान के सहयोग से आर.के. आर.सी. व्यास नगर माहेश्वरी भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी कल्पनाशीलता और विचारों को चित्रों के जरिए प्रस्तुत कर सकेंगे।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि भीलवाड़ा शहर सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को ड्राइंग शीट, रंगों के डिब्बे, बैनर और अन्य आवश्यक स्टेशनरी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि पूरे राजस्थान से चयनित पांच विजेता विद्यार्थियों को जापान जाने का अवसर भी मिलेगा।

कार्यक्रम में पूर्व सभापति मधु जाजू, जिला यूनेस्को एसोसिएशन अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव जगदीश चंद्र मूंदड़ा, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, रामचंद्र मूंदड़ा, साधना मेलाना, उषा अग्रवाल, राधा अग्रवाल, सुशील अग्रवाल एवं ओम उज्ज्वल सहित यूनेस्को के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

आसींद के नन्हे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

मुंबई को 15-5 से दी शिकस्त, 12 वर्ष वर्ग में भी कांस्य पदक पर जमाया कब्जा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ग्लोबल अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन किया। नई दिल्ली के विकासपुरी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित बेसबॉल लिटिल लीग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विद्यालय की टीम ने दोहरी सफलता हासिल करते हुए 14 वर्ष आयु वर्ग में चैंपियनशिप जीती, जबकि 12 वर्ष आयु वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

14 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल में आसींद की टीम ने मुंबई को 15-5 से हराकर राष्ट्रीय खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं 12 वर्ष आयु वर्ग में टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में देशभर की 16 टीमों ने भाग लिया था।

प्रधानाचार्य पुष्पा यादव ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों में से एशियन गेम्स लिटिल लीग के लिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय टीम का चयन जनवरी में होगा। चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। टीम की सफलता में कोच विनोद चोपदार, पुष्पा गुर्जर और टीम मैनेजर नसीब पठान का मार्गदर्शन रहा। दोनों टीमों का नेतृत्व कप्तान दुष्यंत सिंह सांखला और साकिब आलम पठान ने किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का आसींद में विद्यालय परिवार और खेल प्रेमियों ने स्वागत कर बधाई दी।



QUICK BITES

जीवन में सफ़लता शिक्षा से प्राप्त होती हैं - मीणा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

राजेन्द्र बबलू पोखरना



कोटड़ी ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश नारायण मीणा ने राउमावि उदलियास का औचक निरीक्षण किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए जीवन में सफलता के मूल मंत्र विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। विद्यालय के रिकॉर्ड्स का गहनता से अवलोकन किया जिसमें कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक दैनंदिनी रजिस्टर, विद्यार्थी उपस्थिति रजिस्टर, आदि मुख्य रहे। शौचालय तथा विद्यालय परिसर स्वच्छता, कंप्यूटर लेब, मिड डे मिल आदि का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन कर शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, नियमित रूप से पाठ्यक्रम पूर्ण करने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभिभावकों से सम्पर्क करने, कमजोर विद्यार्थियों पर कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने और शालादर्पण रैंकिंग बिंदुओं पर समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। विद्यालय के संचालन और कार्यशैली पर सीबीईओ द्वारा स्टाफ की प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

शिक्षा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कोटड़ी ब्लॉक के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं, ब्लॉक रैंकिंग और सूचनाओं के समयबद्ध संप्रेषण को लेकर अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य अतिथि सीबीईओ जगदीश नारायण मीणा ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य 24 घंटे सतर्क रहें और विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। विधानसभा या सचिवालय से किसी भी समय जानकारी मांगी जा सकती है, इसलिए सभी सूचनाएं अद्यतन और तैयार रखी जाएं। एसीबीईओ कल्पना कुर्मी ने ब्लॉक रैंकिंग में सुधार के लिए छोटी-छोटी व्यवस्थाओं पर ध्यान देने तथा समय पर सूचना भेजने के निर्देश दिए।

इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, विद्यार्थियों की निर्धारित गणवेश और पहचान-पत्र व्यवस्था की सराहना की। सीबीईओ ने प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के कुशल प्रबंधन और स्टाफ के सामूहिक प्रयासों को विद्यालय की बेहतर व्यवस्था का आधार बताया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ सुभाष अग्रवाल, आरपी जमनालाल जाट, अजय राठौर, शांतिलाल पोखरना सहित अधिकारी एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार ने बैंड के साथ स्वागत किया। मंच संचालन अमृता शर्मा ने किया तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर यूथ विंग द्वारा 'हल्ला बोल' फन फिटनेस इवेंट का आयोजन

कार्यक्रम के माध्यम से दिया शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जीतो यूथ विंग भीलवाड़ा द्वारा रविवार को नवकार ग्रीन्स क्लब हाउस, कांचीपुरम में 'हल्ला बोल - स्वीट, स्माइल,रिपीट' नाम से हाई एनर्जी फन फिटनेस सेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीतो यूथ विंग की युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जीतो यूथ विंग के चीफ सेक्रेटरी अभि जैन ने बताया कि यूथ विंग के चेयरमेन प्रतीक बुलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर महिलाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना तथा व्यायाम को मनोरंजक और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चेयरमेन डॉ. संपत जैन एवं चीफ सेक्रेटरी अकिन चौधरी का मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की अनुभव क्यूरेटर मनीषा मेहता, अनुभव डायरेक्टर सुरभि चोपड़ा एवं सुलैखा जोशी ने विभिन्न मनोरंजक फिटनेस गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मार्गदर्शन में बताया कि जीवन में फिट रहना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि बेहतर और स्वस्थ जीवन के लिए एक आवश्यक आदत है। स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन का आधार होने से हम सभी को अपनी शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

करीब दो घंटे के फन फिटनेस सेशन में रिले रेस, रोप बैटल, पार्टनर स्क्वाट, मेडिसिन बॉल टॉस, जुंबा, ऑब्स्टेकल एक्टिविटी, फिटनेस सर्किट एवं विभिन्न टीम गेम्स आयोजित किए गए। सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया ओर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जुंबा सेशन ने विशेष उत्साह का माहौल बनाया।

इस आयोजन को सफल बनाने में इवेंट कन्वेनर मुस्कान जैन एवं इवेंट को-कन्वेनर प्रवर सिसोदिया का विशेष सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में शामिल पांच टीमों में से टीम पसीना पार्टी ने बेस्ट परफॉर्म करते हुए विजेता बनी। विजेता टीम में आयुषी चौधरी,तमन्ना जैन, प्रज्ञा जैन,शुभी जैन शामिल थे। हल्ला बोल 1.0 की ओवरऑल विजेता आशिता मारू रही।

जीतो यूथ विंग के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

जीतो भीलवाड़ा यूथ विंग के चेयरमेन प्रतीक बुलिया एवं चीफ सेक्रेटरी अभि जैन ने बताया कि संगठन द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक स्वालम्बी बनाने के लक्ष्य से निरंतर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

सरपंच गीता देवी माली ने संभाला पदभार ,विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे मौजूद

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच गीता देवी माली ने सोमवार, को सब्जी मंडी ग्राउंड में आयोजित समारोह में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित वार्ड पंचों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

पदभार ग्रहण समारोह में क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल ने नवनिर्वाचित सरपंच गीता देवी माली को नवीन जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास, जनहित के कार्यों तथा ग्रामीणों की समस्याओं के प्राथमिकता से समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। साथ ही ग्रामीणों का विश्वास बनाए रखते हुए ऐसे विकास कार्य करवाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे ग्राम पंचायत विकास के क्षेत्र में अग्रणी बन सके।

समारोह में उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं ग्रामीणों ने भी नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान होगा।

सरपंच माली ने ग्रामीणों के विश्वास और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

गंगापुर का सात दिवसीय विशाल मेला संपन्न, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

25 से 30 किलोमीटर क्षेत्र के गांवों से उमड़े मेलार्थी, दुकानों और मनोरंजन के साधनों पर रही रौनक

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



नगर पालिका की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशाल मेले का रविवार रात को उत्साह और उल्लास के साथ समापन हुआ। मेले में गंगापुर सहित आसपास के 25 से 30 किलोमीटर क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दुकानों, झूलों और मनोरंजन के साधनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के प्रमुख आकर्षण रहे।

मेले के दौरान 27 अक्टूबर को स्थानीय कलाकारों ने राजस्थानी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। 28 अक्टूबर को आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मोनिका भदौरिया (बावरी) ने प्रस्तुति दी। 29 अक्टूबर को भजन गायक गोकुल शर्मा एवं रतन राव की भजन संध्या और 30 अक्टूबर को रैपरिया बालम की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। वहीं 31 अक्टूबर को आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य-व्यंग्य और काव्य पाठ से देर रात तक समां बांधे रखा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि गंगापुर का मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने आगामी वर्षों में मेले को और भव्य बनाने तथा दुकानदारों एवं मेलार्थियों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। दुकानदारों की मांग पर नगर पालिका ने मेले की अवधि एक दिन बढ़ाई। इस दौरान बिजली, पानी और सफाई की व्यवस्थाएं भी की गई।

मेले के सफल आयोजन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति लखन काकाणी, उपाध्यक्ष रश्मि चौहान एवं पार्षदों के प्रयासों की सराहना की गई। समारोह में पार्षद रामप्रसाद माली, प्रशांत कसारा, नवरत्न बेरवा, भोलाराम माली सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता, व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



गंगापुर में रक्तदान शिविर, 91 यूनिट रक्त संग्रहित

विहंगम योग संस्थान की पहल, विधायक लादू लाल पीतलिया ने रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



पूज्य संत प्रवर विज्ञान देव महाराज की प्रेरणा से विहंगम योग संस्थान की ओर से सामुदायिक भवन में विश्वव्यापी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 91 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर में पहुंचे विधायक लादू लाल पीतलिया ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम है। उन्होंने संस्थान के सेवा कार्यों की सराहना की। आयोजन में संस्थान के संयोजक कैलाश पारीक, कैलाश सुखवाल, हरिओम दाधीच, देवेंद्र जोशी, लादू लाल दाधीच, देवी लाल जैन, राकेश बापना एवं कल्याणमल कुम्हार का विशेष सहयोग रहा। वहीं रिचा देवेंद्र जोशी, माया सेन, सुमित्रा दाधीच और रेखा शर्मा सहित महिला स्वयंसेविकाओं ने भी व्यवस्थाओं में योगदान दिया।

25 वर्षीय युवा सरपंच शिवराज आचार्य ने संभाली फूलियाकलां पंचायत की कमान, विकास को बताया प्राथमिकता

617 मतों से जीतकर बने सरपंच, उपसरपंच सहित सभी 17 वार्ड पंचों ने भी ग्रहण किया पदभार

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां



(प्रकाश तोषनीवाल)। पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद फूलियाकलां के नवनिर्वाचित सरपंच शिवराज आचार्य ने सोमवार को शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ पदभार ग्रहण किया। उनके साथ उपसरपंच और सभी 17 वार्ड पंचों ने भी पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण करते ही सरपंच ने गांव के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी वर्गों को साथ लेकर काम करने का संकल्प जताया।

सुबह सवा 10 बजे पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना के बाद शिवराज आचार्य ने सरपंच पद का कार्यभार संभाला। भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर हाथ में लेकर ग्राम पंचायत भवन पहुंचे आचार्य ने भवन को प्रणाम कर परिसर में प्रवेश किया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने साफा बंधवाकर उनका स्वागत किया।

नवनिर्वाचित सरपंच आचार्य ने ग्रामीणों और मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। नियमित सफाई, चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने, सड़कों और नालियों के निर्माण सहित बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उनका लक्ष्य फूलियाकलां को आदर्श ग्राम पंचायत बनाना है।

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव में 25 वर्षीय शिवराज आचार्य ने पूर्व उपसरपंच हरिसिंह जाट और पूर्व सरपंच किशनलाल गोदारा जैसे राजनीतिक दिग्गजों को शिकस्त देकर 617 मतों से जीत हासिल की थी।

कार्यक्रम में धनोप, सणगारी सहित आसपास की ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुरला में 60 बुजुर्गों का शाल ओढ़ाकर किया सम्मान, ग्राम पंचायत को भेंट की हनुमानजी की तस्वीर

महंत पुनीत दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में हुआ वृद्धजन सम्मान समारोह, ग्रामीणों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



गांव में सामाजिक समरसता और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय टेकरी स्थित हनुमानजी मंदिर के महंत पुनीत दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गांव के करीब 60 महिला-पुरुष बुजुर्गों को माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने तालियों के साथ बुजुर्गों का अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम के दौरान महंत पुनीत दास त्यागी महाराज ने ग्राम पंचायत के बैठक हॉल के लिए हनुमानजी की भव्य तस्वीर भेंट की। उन्होंने कहा कि गांव के विकास और खुशहाली पर हनुमानजी की कृपा सदैव बनी रहे, यही कामना है। समारोह में पहुंचे महाराज का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कजोड़ी मल सेन ने साफा पहनाकर उनका बहुमान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए महाराज ने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने की प्रेरणा दी। सम्मानित होने वाले बुजुर्गों में सत्यनारायण शर्मा, रामपाल शर्मा, नंदकिशोर त्रिपाठी, कैलाश सोनी, शंकरलाल सेन, उदयलाल सेन एवं प्रकाशचंद्र दाधीच सहित अनेक महिला-पुरुष शामिल रहे।

बाइपास पर हादसों का खतरा, अब डिवाइडर और रोशनी के लिए उठी आवाज

शाहपुरा जन सेवा समिति ने मुख्यमंत्री तक पहुंचाया शहरवासियों का मुद्दा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचन्द पेसवानी)। शहर के बाइपास मार्ग पर सुरक्षित आवागमन अब बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। लगातार हो रहे सड़क हादसों और रात के समय पर्याप्त रोशनी के अभाव को देखते हुए शाहपुरा जन सेवा समिति ने सड़क सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम विकसित करने की मांग उठाई है। समिति ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बाइपास के बीच डिवाइडर बनाने और प्रमुख चौराहों सहित पूरे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

जनसेवक शिवराज कोली के नेतृत्व में पहुंचे नागरिकों ने ज्ञापन में बताया कि बाइपास पर वाहनों की आवाजाही के बावजूद बीच में डिवाइडर नहीं होने से विपरीत दिशाओं से आने वाले वाहनों के आमने-सामने टकराने का खतरा बना रहता है। वहीं रात में अंधेरे के कारण चौराहों और मोड़ों पर वाहन चालकों को सामने की स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देती। समिति ने प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाइट और पूरे मार्ग पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने की जरूरत बताई।

समिति ने चेताया कि सड़क सुरक्षा के इंतजामों में देरी भारी पड़ सकती है। ज्ञापन के साथ पूर्व में हुए हादसों से संबंधित दस्तावेज और शहरवासियों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए गए। इसकी प्रतियां सड़क एवं परिवहन मंत्री, जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी को भी भेजी गई हैं।

इस दौरान अजय मेहता, दुर्गालाल राजोरा, एडवोकेट रामप्रसाद जाट, दिनेश व्यास, शरीफ मोहम्मद, राजू कायमखानी, विक्रम सिंह गुर्जर, दिनेश सेन, महेंद्र गुर्जर, ताज मोहम्मद, धनराज जीनगर, सुनील दत्त पाराशर सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

महिला हिंसा की रोकथाम और कानूनी अधिकारों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

सुवाणा में कार्यशाला आयोजित, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न और बाल विवाह निषेध कानून की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उनके खिलाफ होने वाली हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता और कानूनी जानकारी बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से सुवाणा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए महिला हिंसा की रोकथाम एवं कानूनी अधिकारों को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न कानूनों, सहायता केंद्रों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर कार्यकर्ताओं को महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया गया। बाल व महिला चेतना समिति, डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाउ एवं एसोसिएशन फॉर इंडियाज डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने खेलों और समूह गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विभिन्न स्वरूपों को समझाया। उन्होंने घरेलू हिंसा से बचाव के उपायों के साथ घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों तथा सेवा प्रदाता और सुरक्षा अधिकारी की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। संस्था कार्यकर्ता भावना जोशी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से जुड़े कानून और उसके कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। वहीं परमेश ने बाल विवाह निषेध कानून और डायन प्रताड़ना रोकथाम कानून के प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यकर्ता रिंकू कंवर और प्रीति ने सखी केंद्र तथा महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया कि पीड़ित महिलाएं इन केंद्रों के माध्यम से कानूनी, चिकित्सकीय और आश्रय संबंधी सहायता प्राप्त कर सकती हैं। श्याम लाल ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में सुवाणा सेक्टर की लेडी सुपरवाइजर सीता, संस्था कार्यकर्ता विशाल सहित क्षेत्र की कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

QUICK BITES

संघ के 101वें स्थापना दिवस पर जहाजपुर में निकला पथ संचलन, विधायक मीणा भी हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में शामिल स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासित कदमताल करते हुए एकता, संगठन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

पथ संचलन में विधायक गोपीचंद मीणा भी संघ की वेशभूषा में शामिल हुए। विधायक मीणा ने कहा कि संघ के 101वें स्थापना दिवस पर पथ संचलन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने स्वयंसेवकों के अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को नमन करते हुए राष्ट्र प्रथम और संगठन सर्वोपरि की भावना को रेखांकित किया। संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय आयुर्वेद कार्यशाला में गूंजा नवग्रह आश्रम का काम, वैद्य हंसराज चौधरी सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



आयुर्वेदिक चिकित्सा, अनुसंधान और औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण के क्षेत्र में श्री नवग्रह आश्रम, मोतीबोर का खेड़ा की गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। कोटा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'अर्बुद विज्ञानीयम्' में आश्रम के संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने अर्बुद चिकित्सा में सप्तधातु सिद्धांत की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

वैद्य दाऊदयाल जोशी राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में 1 और 2 नवंबर को आयोजित इस कार्यशाला का संयोजन प्राचार्य डॉ. नित्यानंद शर्मा ने किया। दूसरे दिन तृतीय सत्र में वैद्य चौधरी ने आयुर्वेद के सप्तधातु सिद्धांत, शरीर में धातुओं की भूमिका और अर्बुद रोग के अध्ययन में इसकी पारंपरिक अवधारणाओं पर विचार रखे। उन्होंने गंभीर रोगों के संदर्भ में आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अध्ययन और अनुसंधान की आवश्यकता भी बताई।

कार्यशाला में आयुष मंत्रालय से संबद्ध सीसीआरवाईएन के सीनियर रिसर्च फेलो डॉ. भावित बंसल ने कैंसर देखभाल में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर साक्ष्य आधारित जानकारी और अपने अनुभव साझा किए। वहीं जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शरद पोटे ने कैंसर रोगियों के निदान एवं चिकित्सकीय प्रबंधन से जुड़े अनुभव प्रस्तुत किए। समापन अवसर पर वैद्य चौधरी को सम्मानित किया गया। उन्होंने महाविद्यालय को नवग्रह आश्रम का साहित्य भी भेंट किया।

गौरतलब है कि रायला क्षेत्र के मोतीबोर का खेड़ा स्थित नवग्रह आश्रम औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण और आयुर्वेदिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। आश्रम परिसर में 575 से अधिक प्रजातियों के औषधीय पौधों का संग्रह है। आश्रम की ओर से इनके संरक्षण, औषधीय महत्व के प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय कार्यशाला में आश्रम की गतिविधियों और अनुभवों को साझा करने से जिले के आयुर्वेदिक कार्यों को व्यापक अकादमिक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

आज भीलवाड़ा के कई क्षेत्रों में पांच घंटे बिजली बंद रहेगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते मंगलवार को शहर के कई इलाकों में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इससे तिलक नगर, हैलेड रोड, आरसी व्यास सहित आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि 11 केवी गुजर बावड़ी एवं हैलेड फीडर से जुड़े तिलक नगर सेक्टर 5, 6, 7, 8 व 9, कृष्ण कुंज, रिद्धि-सिद्धि एनक्लेव, आदर्श विहार, गोकुल विहार, राधे नगर, श्री विहार, इम्पीरियल प्राइम, हैलेड गांव, हैलेड रोड, अलीजा नगर एवं ओम नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

इसी प्रकार 11 केवी कम्युनिटी हॉल फीडर से जुड़े आरसी व्यास सेक्टर 2, 3 व 4, इंदिरा गांधी कम्युनिटी हॉल, आठ दुकानें एवं आसपास के क्षेत्रों में भी इसी अवधि में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।